# प्रेस नोट दिनाँक-16.09.2021

**(1).** आज दिनाँक 16.09.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। "जन सुनवाई आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत प्राप्त वीडियों कॉलिंग के माध्यम से शिकायत को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गये।

इस दौरान ग्रामींण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को बताया गया कि आप अपनी शिकायत मो0नं0 8810747614 वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी कर सकते है, आप लोगों को दूर दराज से यहां तक नहीं आना पडेगा, आपकी शिकायत वीडियो कॉलिंग पर ही सुन ली जायेगी तथा निस्तारण कराया जायेगा, जिससे आप लोगों को समय की तथा आर्थिक बचत होगी।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति फेज-3" के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल, विद्यालय एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-3" अभियान के तहत आज दिनांक 16.09.2021 को श्री धवल जायसवाल पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में जनपद में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। जिसमें महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति फेज-3" के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजार, कॉलेज, कोचिंग संस्थान व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वो से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओ को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में जानकारीयाँ दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओ की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया।

इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनो से सार्वजनिक स्थलो यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(3).** दिनांक 15.09.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित राधव प्रेक्षागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी तथा थाना/चौकी/शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गयी। इस गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अपराधियों की धरपकड़ हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए|

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार राय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री एसपी. सोनकर, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री सुबोध गौतम, मुख्यअग्निशमन अधिकारी श्री यतीन्द्र नाथ उमराव,

प्रतिसार निरीक्षक श्री सुमेर सिंह, आशुलिपिक श्री कमलेश राय, प्रधान लिपिक श्री अलोक कुमार सिंह, पीआरओ श्री राजीव कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** दिनाँक-15/16.09.2021 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में ओवरलोड वाहनों की चेकिंग हेतु चलाए गए विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय द्वारा ट्राफिक चौराहा कर्वी में ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर 04 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप श्री संजय उपाध्याय, प्रभारी यातायात श्री योगेश कुमार यादव एवं चौकी प्रभारी शिवरामपुर उ0नि0 श्री अजय कुमार जायसवाल की संयुक्त टीम द्वारा शिवरामपुर तिराहा पर ओवरलोड वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा 05 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया।

**(5).** आज दिनाँक-16.09.2021 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में बिना नम्बर प्लेट भारी वाहनों की चेकिंग हेतु चलाए गए विशेष अभियान के क्रम में श्री संजय उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप द्वारा गोंडा तिराहा पर एवं यातायात प्रभारी श्री योगेश कुमार यादव द्वारा सेंट थॉमस स्कूल बेड़ी पुलिया के पास एवं पुरानी कोतवाली चौराहा पर बिना नम्बर एवं प्रेशर हार्न भारी वाहनों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट/प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों का चालान किया गया। जिन वाहनों में नम्बर नही लिखा था उनमें वाहन का नम्बर लिखा गया एवं प्रेशर हॉर्न को निकलवाया गया। चेकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट/प्रेशर हॉर्न लगे कुल 43 वाहनों से 01 लाख 20 हजार रूपये पेण्डिंग ई-चालान किया एवं 02 ट्रकों को सीज किया गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना भरतकूप श्री संजय कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश कुमार यादव तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0- 464/15 धारा 379/411 भादवि0 व 04/21 खान एवं खनिज अधिनियम व 03 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त राम चरन पुत्र वऊवा उर्फ बाबा यादव निवासी कबरा पुरवा गोंडा थाना भरतकूप चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार यादव थाना भरतकूप
2. आरक्षी जमुना प्रसाद

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के कुशल निर्देशन में सर्विलांस सेल चित्रकूट द्वारा श्री महेश कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी वेराउर थाना राजापुर जनपद चित्रकूट के गुमशुदा एंड्राइड मोबाइल ओप्पो कम्पनी को बरामद किया गया। बरामद शुदा मोबाइल को थाना राजापुर में नियुक्त उ0नि0 श्री गणेश कुमार गुप्ता द्वारा मोबाइल मालिक श्री महेश कुमार के सुपुर्द किया गया। महेश कुमार अपना गुमशुदा मोबाइल फोन पाकर प्रसन्न हुए एवं चित्रकूट पुलिस की भूरि-भूरि प्रसँशा की।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना रैपुरा श्री दुर्गेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त प्रवीण कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी बरद्वारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 01 अभियुक्त को 03 किलो 100 ग्राम सूखा गांजा नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 85/2021 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. 03 किलो 100 ग्राम सूखा गांजा नाजायज

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता थाना रैपुरा
2. आरक्षी अतुल कुमार

3. आरक्षी अश्वनी कुमार

**(8).** निरन्तर हो रही भारी बारिश के दौरान घर पर रहें, सुरक्षित रहें।

जनपद चित्रकूट में हो रही निरन्तर बारिश के दृष्टिगत निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें-

- ❖ कृपया इस समय किसी भी झरने, नदी एवं तालाब में स्नान करने से बचें, पानी वाली जगहों से दूर रहें।
- ❖ कृपया अति आवश्यकता होने पर ही घर से निकलें।
- ❖ बिजली के तार, खम्भों से बच कर रहें।
- ❖ अपने वाहनों को सुरक्षित जगहों पर खड़ा करें।
- ❖ विद्युत उपकरणों से दूर रहें।

वाहन चलाते समय यातायात व्यवस्था बनी रहे इसके लिए धैर्य धारण करें व यातायात नियमों का पालन करें।

! चित्रकूट पुलिस, आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर !